<u>लोक सभा</u>

<u>अतारांकित प्रश्नक संख्याः2256</u>

<u>3 अगस्त‍,2015 को उत्त6र के लिए</u>

खेल कोटे के अंतर्गत एसएआईएल में नौकरियां

2256. श्री ताम्रध्वज साहू:

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय इस्पात पत्तन प्राधिकरण (सेल) देश में स्थित अपने संयंत्रों में खेल कोटे के अंतर्गत नौकरियां देता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान खेल कोटे के अंतर्गत लोगों को दिए गए रोजगार की संयंत्र-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या भिलाई इस्पात संयंत्र में लोगों को अभी भी नौकरी दी जा रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है एवं यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

<u>उत्त)र</u>

इस्पातत और खान राज्य मंत्री (श्री विष्णुा देव साय)

(क) से (घ) : चूंकि , सेल के पास खेल कोटे के अंतर्गत कर्मचारियों की भर्ती की कोई नीति नहीं है , इसलिए गत तीन वर्षों के दौरान भिलाई इस्पाचत संयंत्र समेत सेल में इस कोटे के तहत कोई भर्ती नहीं की गई है।

*****